आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 31.07.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

- मुख्य सचिव, केशव चंद्रा, ने कल कार निकोबार के बीजेआर अस्पताल, में जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का वर्चुअल उद्घाटन किया।

- दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से स्वराज द्वीप में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है।

- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि इस वर्ष अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के शिबपुर और कार निकोबार सहित देश भर के बारह हवाई अड्डे में उड़ान योजना का संचालन शुरू हो सकता है।

- शहीद द्वीप पुलिस ने हाल ही में चार सौ पन्द्रह ग्राम गांजा ज़ब्त कर एक महिला को गिरफ्तार किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब देश वैश्विक रूप से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। कल नई दिल्ली में विकासशील भारत की यात्राः केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस के बाद का सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस गति और पैमाने पर सरकार बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय को संसाधन निवेश का सबसे बड़ा उत्पादक माध्यम कहा जाता है। श्री मोदी ने कहा कि दो हजार चार में यूपीए सरकार के पहले बजट में पूंजीगत व्यय लगभग नब्बे हजार करोड़ रूपये था और दो हजार चौदह में यह बढ़कर दो लाख करोड़ रूपये हो गया। दिनभर चलने वाले इस सम्मेलन

का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा किया जा रहा है और इसका उद्देश्य विकास के लिए सरकार के व्यापक विजन और इस प्रयास में उद्योग की भूमिका की रूपरेखा प्रस्तुत करना है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के नेवल शिप रिपेयर यार्ड के कमोडोर अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालने पर कोमोडोर जसवीर सिंह ने कल राजनिवास में उप–राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव, केशव चंद्रा, ने कल कार निकोबार के बीजेआर अस्पताल, में जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुक्त व सह सचिव नंदिनी पालिवाल और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निकोबार के आदिवासी नेता भी उपस्थित थे। इस 'अत्याधुनिक' प्रयोगशाला की स्थापना प्रधानमंत्री–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से सौ प्रतिशत वित्त पोषण के साथ की गई है। यहां एक ही छत के नीचे नियमित चिकित्सीय जांच के अलावा, विकेन्द्रीकृत तरीके से महामारी संबंधी बीमारियों की निगरानी करने के लिए नैदानिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र में ऐसी आधुनिक प्रयोगशाला स्थापित करने में उनकी उपलब्धि के लिए पूरी स्वास्थ्य टीम को बधाई दी और कहा कि इस सुविधा से निकोबार में समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, विशेषरूप से शीघ्र निदान और समय पर उपचार प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। कार निकोबार बीजेआर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अनवर मूसा ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और कार निकोबार के आदिवासी समुदाय की ओर से ऐसी प्रयोगशाला खोलने के लिए अंडमान और निकोबार प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

विशेष सचिव स्वास्थ्य डॉ. अनिल अग्रवाल, ने बताया कि प्रशासन डॉ. आर.पी. अस्पताल मायाबंदर में ऐसी और प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हे अगस्त दो हजार चौबीस में चालू किया जाएगा और भविष्य में आगामी जिला अस्पताल गाराचरामा में तीसरी जिला प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से स्वराज द्वीप में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है। समाज कल्याण विभाग और होप फाउंडेशन के सहयोग से सहायक आयुक्त कार्यालय में सहायक आयुक्त विक्रम सिंह ने इसका उद्घाटन किया। कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान में आवश्यक पोषण सामग्रियों के जरिए कुपोषण पर काबू पाया जा सकेगा और इससे स्वास्थ्य देखभाल में और सुधार आएगा। अनीमिया मुक्त ज़िला अभियान के जरिए गर्भवती महिलाओं में अनीमिया को कम करने में मदद मिलेगी। समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और होप फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों के जरिए साठ दिनों तक निगरानी की जाएगी और व्यापक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि इस वर्ष अंडमान निकोबार के शिबपुर और कार निकोबार सहित देश भर के बारह हवाई अड्डे में उड़ान योजना का संचालन शुरू हो सकता है। उड़े देश का आम नागरिक– उड़ान योजना के अंतर्गत वर्तमान में तेरह हेलीपोर्ट और दो जल हवाई अड्डे सहित पच्चासी हवाई अड्डों को जोड़ने वाले कुल पांच सौ उन्यासी मार्ग शुरू किए गए हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने कल राज्यसभा में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देशभर में इक्कीस नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए मंजूरी दे दी है, इनमें से बारह ग्रीनफ़ील्ड हवाई अड्डे पिछले दस वर्ष में शुरू किए गए हैं।

<><><><><><><>

मशहूर गायक मोहम्मद रफ़ी की चवालीसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज पोर्ट ब्लेयर के केरला समाजम में संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आज शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट पर आरंभ होगा।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप पुलिस ने हाल ही में चार सौ पन्द्रह ग्राम गांजा ज़ब्त कर एक महिला को गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम गठित कर नील केन्द्र वार्ड नम्बर चार में छापा मारकर अड़तालीस वर्षीया अंजला देवी नामक एक महिला को गिरफ्तार किया। रात के

समय हुई छापा मारी को देखते हुए आरोपी महिला को दूसरे दिन सुबह गिरफ्तार किया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया। जांच में आरोपी महिला पहले से ही इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाई गई है। यह पूरा अभियान दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में पांच वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सामान्य और श्रेणीवार वरीयता सूची कॉलेज के सूचना पट्ट के अलावा सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां तीन अगस्त तक कॉलेज के मेल पर भेजे जा सकते हैं।

उधर, इग्नू के बी एससी पाठ्यक्रम के सभी पुराने और नए सिलेबस की कक्षाएं पांच अगस्त से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय स्थित अध्ययन केन्द्र में शुरू किया जाएगा। पाठ्यक्रम की सारणी कॉलेज के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कल जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय और भातुबस्ती स्कूल मैदान में कुल पांच मैच खेले गए।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

सांसद बिष्णु पद रे ने केन्द्रीय उर्जा मंत्री से मुलाकात कर द्वीपसमूह में बिजली संकट को समाप्त करने के लिए तत्काल सहयोग करने की मांग की –द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर को पहले पन्ने के मध्य में सचित्र प्रकाशित किया है। नगरपालिका परिषद् की स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा राजकीय मॉडल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को–द्वीप समाचार ने प्रकाशित किया है। शहीद द्वीप पुलिस द्वारा चार सौ ग्राम से अधिक गांजा जब्त कर एक महिला को गिरफ्तार करने के समाचार को –इंफों इंडिया में जगह मिली है। ओलंपिक खेल से जुड़े समाचार को –द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।